**<u>लोक सभा</u>**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 4201**

**07 जनवरी, 2019 को उत्तर के लिए**

**इस्पात कंपनियों द्वारा लागत साझा करना**

**4201. श्री अभिजित मुखर्जीः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पाँच वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान जेपी सीमेंट, बोकारो और भिलाई इकाइयों के मध्य लागत-साझा अनुपात क्या है;

(ख) उक्त अवधि के दौरान बोकारो और भिलाई इकाइयों का लाभ और हानि का विवरण क्या है; और

(ग) सेल और जेएसडब्ल्यू, जेएसडब्ल्यू इस्पात, जिंदल स्टील पॉवर और मॉनेट इस्पात और एनर्जी सहित निजी कंपनियों के मध्य लागत बनाम लाभ साझा आधार क्या है?

**<u>उत्तर</u>**

**इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)**

(क): स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) 26% स्टैक के साथ भिलाई जेपी सीमेंट लिमिटेड (बीजेसीएल) में शेयरधारक है और कंपनी की इक्विटी पूँजी में 52.51 करोड़ रुपये का निवेश किया है। सेल नवंबर, 2014 तक बोकारो जेपी सीमेंट लिमिटेड (अब डालमिया सीमेंट ईस्ट लिमिटेड) में शेयरधारक था और कंपनी में 26% इक्विटी का धारक था। सेल और मेसर्स जयप्रकाश एसोसिएसन लिमिटेड दोनों ने नवंबर, 2014 में मेसर्स डालमिया भारत सीमेंट लिमिटेड को कंपनी में उनकी इक्विटी धारिता को वापस ले लिया और बोकारो जेपी सीमेंट लिमिटेड, मेसर्स डालमिया भारत की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी बन गई और इसका नाम इसके पश्चात् डालमिया सीमेंट ईस्ट लिमिटेड हो गया था।

(ख): विगत 5 वर्षों हेतु भिलाई एवं बोकारो जेपी सीमेंट यूनिट का वर्ष-वार वास्तविक कर-पश्चात् लाभ (पीएटी) निम्नवत् है:

| **वर्ष** | **भिलाई जेपी सीमेंट लिमिटेड (करोड़ रुपये हानि)** | **बोकारो जेपी सीमेंट लिमिटेड (करोड़ रुपये)** |
|---|---|---|
| 2013-14 | (28.93) | 30.20 |
| 2014-15 | (20.14) | 2014-15 में स्टेक बेच दिए गए |
| 2015-16 | (80.59) | |
| 2016-17 | (68.94) | |
| 2017-18 (गैर-लेखा परीक्षित) | (42.04) | |

(ग): जेएसडब्ल्यू, जेएसडब्ल्यू इस्पात, जिंदल स्टील पावर एवं मॉनेट इस्पात तथा एनर्जी समेत निजी कंपनियों और सेल के बीच लेन-देन 'आर्म्स लेंथ बेसिस' पर आधारित है।।

*****